बिलासपुर। स्थायी जाति प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने के बावजूद निर्णय नहीं होने पर कोरिया जिले के जनकपुर निवासी दुर्गावती भारती को हाईकोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने भारतपुर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देश दिया है कि दुर्गावती के लंबित आवेदन पर छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति प्रमाणन का विनियमन) अधिनियम, 2013 के प्रविधानों के तहत छह महीने के भीतर निर्णय लें।

दुर्गावती भारती ने याचिका में बताया कि उसने स्थायी जाति प्रमाणपत्र के लिए भारतपुर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के समक्ष आवेदन किया है। आवेदन के साथ यह भी बताया गया कि उसके पिता और भाई को सक्षम अधिकारी पहले ही स्थायी जाति प्रमाणपत्र जारी कर चुके हैं। इसके बावजूद आवेदन पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया। याचिकाकर्ता के अनुसार अधिकारी की ओर से मौखिक रूप से प्रमाणपत्र जारी करने में असमर्थता जताई गई। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी बताया गया कि अधिकारी 1950 से पहले का दस्तावेज प्रस्तुत करने पर जोर दे रहे हैं। शासन की ओर से कहा गया कि जब आवेदन पहले से लंबित है तो सक्षम अधिकारी को उस पर अंतिम निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 2013 में सामाजिक प्रास्थिति प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कानून बनाया है और उसी में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन का निराकरण किया जाना है।

याचिका निराकृत की गई

हाईकोर्ट ने कहा कि लंबित आवेदन पर संबंधित अधिकारी कानून के अनुसार निर्णय लें। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि याचिकाकर्ता के पास सभी आवश्यक प्रमाणपत्र या दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं तो उसे इसकी असमर्थता का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। इसके बाद सक्षम अधिकारी उपलब्ध दस्तावेज और कानून में निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर मामले का निर्णय ले सकते हैं। कोर्ट ने भारतपुर के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आदेश की प्रति प्राप्त होने की तारीख से छह महीने के भीतर उचित निर्णय लेने का निर्देश देते हुए याचिका निराकृत कर दी है।

30 साल तक सेवा में रहे, ग्रेच्युटी विवाद पर सरकार ने कहा 'कर्मचारी' की परिभाषा से बाहर

बिलासपुर। जल संसाधन विभाग के आठ सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बकाया ग्रेच्युटी का भुगतान कराने की मांग पर हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारी को पहले यह तय करने का निर्देश दिया है कि ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 इन कर्मचारियों पर लागू होता भी है या नहीं। हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को इस कानून की धारा 2(ई) में 'कर्मचारी' की परिभाषा से बाहर रखा गया है। इसलिए नियंत्रक प्राधिकारी को अपने अधिकार क्षेत्र के सवाल पर दोनों पक्षों को सुनकर कानून के अनुसार नया आदेश देना होगा।

मामले में सुखराम विश्वकर्मा (70), नरेंद्र सिंह कौशिक (64), रामनाथ रात्रे (68), जयप्रकाश उपाध्याय (70), मोहित राम साहू (73), शत्रुहन प्रसाद कौशिक (72), राजकुमार श्रीवास (67) और शत्रुहन लाल श्रीवास (65) ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। सभी जल संसाधन विभाग में लंबे समय तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। याचिकाकर्ताओं के अनुसार उन्होंने तीन दशक से अधिक समय तक विभाग में सेवा की। सेवानिवृत्ति के बाद विभाग ने ग्रेच्युटी की कुछ राशि का भुगतान किया, लेकिन शेष राशि रोक दी गई। इसके बाद उन्होंने ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के तहत नियंत्रक प्राधिकारी के समक्ष आवेदन किया। नियंत्रक प्राधिकारी ने 12 दिसंबर 2025 को विभाग को बकाया राशि 30 दिन में देने का आदेश दिया था। देरी होने पर कानून के अनुसार ब्याज देने की बात भी कही गई थी। इसके बावजूद भुगतान नहीं होने पर कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की।

- राज्य सरकार बोली सरकारी कर्मचारी ग्रेच्युटी एक्ट में शामिल नहीं

राज्य की ओर से दलील दी गई कि अधिनियम की धारा 2(ई) में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों को 'कर्मचारी' की परिभाषा से बाहर रखा गया है। इसलिए इन कर्मचारियों के मामलों में नियंत्रक प्राधिकारी को ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम के तहत सुनवाई और आदेश देने का अधिकार नहीं था। इस आधार पर उसके आदेशों का पालन कराने के लिए दायर याचिकाएं स्वीकार योग्य नहीं हैं। हाईकोर्ट ने राज्य की इस आपत्ति को महत्वपूर्ण माना। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता राज्य सरकार के कर्मचारी हैं, इसलिए नियंत्रक प्राधिकारी को पहले इस बात पर विचार करना होगा कि अधिनियम उनके दावों पर लागू होता है या नहीं। कोर्ट ने संबंधित प्राधिकारी को दोनों पक्षों को सुनने के बाद अधिकारिता और अधिनियम की लागू होने की स्थिति पर कानून के अनुसार उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया। इसी के साथ सभी आठ याचिकाओं का निराकरण कर दिया गया।

ब्लैक स्पाट, हाइवे में शराब दुकान पर क्या कार्रवाई हुई : हाईकोर्ट

मुख्य सचिव की ओर से पेश शपथपत्र को रिकॉर्ड पर लिया गया

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने प्रदेश में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट की स्थिति तथा सड़क सुरक्षा के लिए किए गए सुधारात्मक उपायों की समीक्षा की। मुख्य सचिव की ओर से 1 सितंबर 2026 के आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत शपथपत्र को रिकॉर्ड पर लिया गया। मामले में न्यायमित्र अपूर्व त्रिपाठी और रविंद्र शर्मा ने सड़क सुरक्षा के उपायों पर चिंता जताते हुए कहा कि पहले भी कई सुझाव दिए गए, लेकिन राज्य सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से उन पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कहा कि 1 सितंबर के आदेश में उठाए गए मुद्दों से संबंधित सुधारात्मक उपायों का संकलन उपलब्ध कराया जाए, ताकि अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। कोर्ट ने न्यायमित्रों को यह संकलन अतिरिक्त महाधिवक्ता और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से उपस्थित अधिवक्ता धीरज कुमार वानखेड़े को सौंपने तथा अगली सुनवाई तक की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है।

चीफ जस्टिस की डीबी में सुनवाई के दौरान न्यायमित्र ने सुप्रीम कोर्ट के 13 अप्रैल 2026 के आदेश का भी उल्लेख किया,इसमें आदेश को राज्यों के मुख्य सचिवों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों, पुलिस महानिदेशकों, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम को अनुपालन के लिए भेजने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने सड़क सुरक्षा से संबंधित जिन बिंदुओं पर कार्रवाई की जानकारी मांगी है, उनमें सभी चिह्नित ब्लैक स्पॉट की वर्तमान स्थिति और वहां किए गए सुधार, राजमार्गों के किनारे अतिक्रमण, अवैध ढाबों व पार्किंग को हटाने की कार्रवाई, शराब दुकानों की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक और चेतावनी बोर्ड शामिल हैं। इसके अलावा डिवाइडर की अवैध कटिंग रोकने, गलत दिशा में वाहन चलाने, तेज रफ्तार और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई, दुर्घटनास्थलों पर वाहनों की गति नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की जानकारी भी मांगी गई है।

छठवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप अनिवार्य विवि में बनाए जाएंगे नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

विश्वविद्यालयों में बनेंगे 'एनईपी सेल', संभाग व जिला स्तर पर होंगी कार्यशालाएं

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुचारू, सुदृढ़ और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शासन स्तर पर प्रशासनिक एवं अकादमिक कसरत तेज हो गई है। राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में इसे बिना किसी व्यावहारिक बाधा के लागू करने और पिछले दो वर्षों के अनुभवों के आधार पर आई चुनौतियों को दूर करने के उद्देश्य से मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समीक्षा सह ट्रांसफॉर्म समिति की पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। छठवें सेमेस्टर में लागू अनिवार्य इंटर्नशिप व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अभी से प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने तथा विभिन्न उद्योगों व व्यावसायिक संस्थानों के साथ समय रहते समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग सचिव अविनाश चंपावत, रीता यादव सहित प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, एनईपी का मूल ध्येय केवल डिग्री बांटना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ युवाओं को सीधे रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने उद्योगपतियों, औद्योगिक घरानों और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से विद्यार्थियों को सीधे जोड़ने और उद्योग-अकादमिक समन्वय को मजबूत करने का निर्देश दिया। विद्यार्थियों के अध्ययन और परीक्षा की प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए बैठक में कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक सुधारों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनरल इलेक्टिव विषयों के पाठ्यक्रम और प्रश्नपत्रों को अधिक सरल, व्यावहारिक और लचीला बनाया जाएगा, ताकि विषय चयन और परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा या मानसिक दबाव न झेलना पड़े। पाठ्यक्रमों में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक विरासत यानी 'भारतीय ज्ञान परंपरा' को प्रमुखता और अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए। पिछले दो वर्षों में एनईपी के क्रियान्वयन के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामने आई व्यावहारिक चुनौतियों, क्रेडिट सिस्टम एवं विषय चयन से जुड़े भ्रम पर गहराई से मंथन किया गया। इस भ्रम और कठिनाइयों को दूर करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

विद्यार्थी बनेंगे ब्रांड एंबेसडर

प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, जमीनी निगरानी और त्वरित सूचना प्रसार को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने एक नया ढांचा तैयार करने का निर्णय लिया गया। प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक समर्पित नोडल अधिकारी तथा दो विद्यार्थी ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी और एंबेसडर शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के बीच समन्वय स्थापित कर जागरूकता फैलाने और मॉनिटरिंग का काम करेंगे। विद्यार्थियों को नीति से संबंधित आ रही शंकाओं, विषय चयन की समस्याओं और अन्य प्रशासनिक प्रश्नों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक समर्पित 'एनईपी सेल' का गठन करने के निर्देश भी दिए।

समिति के सभापति कौशिक के नेतृत्व में सदस्यों ने किया संसद भवन का अध्ययन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन की गरिमा, आवश्यकताओं और भावी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए गठित उच्च स्तरीय समिति के सभापति के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभापति के नेतृत्व में शुक्रवार को समिति के सदस्यों विधायक अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह, भावना बोहरा एवं राघवेंद्र सिंह ने नई दिल्ली स्थित नवीन संसद भवन का अध्ययन भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान समिति ने लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्यप्रणाली, सदन की आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रणाली, डिजिटल वोटिंग, ध्वनि एवं प्रकाश व्यवस्था, सांसदों के कक्ष, पुस्तकालय तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। संसद भवन की व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली को समझते हुए वहां की उपयोगी व्यवस्थाओं से सीख लेने का अवसर मिला। पूर्व अध्यक्ष श्री कौशिक ने कहा कि यह अध्ययन भ्रमण छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक गरिमा के अनुरूप एक आधुनिक, सुसज्जित एवं जनप्रतिनिधियों के लिए सुविधाजनक नवीन विधानसभा भवन के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

दुर्गा पूजा पर इतवारी-शालीमार के बीच स्पेशल ट्रेन, अप-डाउन में तीन-तीन फेरे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी और शालीमार के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 08861/08862 दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे लगाएगी। इससे छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ सहित मार्ग के अन्य स्टेशनों के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन 15, 22 और 29 अक्टूबर को प्रत्येक गुरुवार नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी स्टेशन से शाम 5.10 बजे रवाना होगी। गोंदिया में शाम 7 बजे आगमन और 7.10 बजे प्रस्थान, डोंगरगढ़ में रात 8.08 बजे आगमन और 8.10 बजे प्रस्थान, राजनांदगांव में रात 8.35 बजे आगमन और 8.37 बजे प्रस्थान, दुर्ग में रात 9.40 बजे आगमन और 9.45 बजे प्रस्थान तथा रायपुर में रात 10.25 बजे आगमन और 10.30 बजे प्रस्थान करेगी। ट्रेन में दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड के 2, सामान्य श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 10, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 3 और द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 1 कोच सहित कुल 20 कोच होंगे। श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्रजी के सम्मान में आयोजित समारोह में शामिल होने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने



शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस को दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल स्थित गिधनी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 20 से 26 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध रहेगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस इस अवधि में गिधनी स्टेशन पर शाम 6.18 बजे पहुंचेगी और दो मिनट ठहरने के बाद 6.20 बजे रवाना होगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस गिधनी स्टेशन पर सुबह 7.44 बजे पहुंचेगी और 7.46 बजे प्रस्थान करेगी।

यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से एक अतिरिक्त तृतीय वातानुकूलित (एसी-3) कोच लगाने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 10, 11, 13, 14, 15 और 16 अक्टूबर 2026 को अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 12, 13, 15, 16, 17 और 18 अक्टूबर को यह सुविधा दी जाएगी। इससे इन तिथियों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध हो सकेंगे।

नवरात्रि मेले में मैहर स्टेशन पर 11 से 22 अक्टूबर तक रुकेगी दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस

मैहर में नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस को मैहर स्टेशन पर अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले मैहर स्टेशन पर यह सुविधा 11 से 22 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध रहेगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस निर्धारित अवधि में मैहर स्टेशन पर रात 1.55 बजे पहुंचेगी और पांच मिनट रुकने के बाद रात 2 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस मैहर स्टेशन पर सुबह 5.35 बजे पहुंचेगी और सुबह 5.40 बजे प्रस्थान करेगी। इस अस्थायी ठहराव से नवरात्रि मेले में मैहर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

शब्द पहेली - 6373



बाएँ से दाए
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

शब्द पहेली - 6372 का हल

■	ज	हा	ल	त	■	■	नि	ड	र
क	ष	■	क्ष	■	आ	स	रा	■	मा	मा
ल	■	■	ही	र	क	■	ला	■	■	हि
प	रा	क्षी	न	ता	■	द	■	अ	सु	र
ना	■	र	■	लू	ट	मा	र	■	रे	■
■	सा	ज	■	■	■	■	■	सा	या	■
■	व	■	फि	त	र	त	■	ह	■	मा
का	न	न	■	ल	■	न	क	ब	ज	न
फि	■	■	व	■	शा	य	र	■	■	हा
र	वा	■	च	म	न	■	न	■	भ	नि
■	द	म	न	■	■	■	रे	ष	दा	र

सूडोकु नवताल - 6383

सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6382 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

पांच लाख बिजली उपभोक्ताओं ने नहीं किया पैसों का समाधान, मिला अब दिसंबर तक मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बकाया बिल का निराकरण करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री बिजली बिल बकाया भुगतान समाधान योजना चलाई गई। इस योजना में 12 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने पंजीयन तो जरूर कराया, लेकिन पंजीयन कराने के बाद भी पांच लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जो अपना बकाया अब जमा ही नहीं कर रहे हैं। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया तो इसके बाद अब ऐसे उपभोक्ताओं को अपने बकाया बिल का समाधान करने के लिए दिसंबर तक का समय दिया गया है। इसके बाद भी बकाया जमा न करने वालों की बिजली कट होगी। पॉवर कंपनी को पंजीयन शुल्क के साथ ही बकाया राशि को मिलाकर पॉवर कंपनी को 110 करोड़ मिल गए हैं। लेकिन इसी के साथ उपभोक्ताओं के सरचार्ज के 770 करोड़ माफ भी किए गए हैं। । प्रदेश में लाखों उपभोक्ता ऐसे थे जिन पर डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है, इनके लिए मुख्यमंत्री समाधान योजना का प्रारंभ मार्च से किया गया।

- समय सीमा में बकाया का भुगतान न करने के बाद बिजली होगी कट

पहले यह योजना 30 जून तक चली, इसके बाद इसको सितंबर तक बढ़ाया गया। इसके लिए पहले दस फीसदी पंजीयन शुल्क जमा करना जरूरी रखा गया था, लेकिन इसको बाद में कम करके पांच फीसदी कर दिया गया। ऐसा करने के पीछे का कारण यह था कि सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया का समाधान हो सके। उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराने का तो पूरा लाभ उठाया और पंजीयन कराने के कारण उनका सरचार्ज भी माफ हो गया, लेकिन अब उपभोक्ता बकाया जमा करने से बच रहे हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए ही अब योजना को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है।


बिजली बिल का नहीं निकला समाधान, पंजीयन कराया, पर पैसा जमा नहीं किया, ऐसे पांच लाख आवेदक

प्रदेश में 8 लाख से ज्यादा का योजना में पंजीयन

बीपीएल को डबल राहत

योजना में बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को डबल राहत दी गई। पहली राहत तो जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन 31 मार्च 2023 के पहले कट हो गया है उनको सरचार्ज में पूरी छूट के साथ ही मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई। इसी के साथ जिन भी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं का कनेक्शन सक्रिय है, पर उन पर हजारों या फिर लाखों का बकाया है उनको भी इस योजना में राहत दी गई है। ऐसे उपभोक्ता जिन पर बकाया राशि पांच साल से ज्यादा समय से बाकी है, उसको मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई है। इसी के साथ जिन का बकाया एक से पांच साल के बीच है, उनको मूल राशि में 50 फीसदी छूट दी गई है।

एपीएल को दस फीसदी छूट

सामान्य वर्ग के उपभोक्ताओं को बकाया पर मूल राशि में दस फीसदी की छूट उस स्थिति में दी गई जब वे सारा बकाया एक साथ जमा करेंगे। अगर तीन किस्तों में बकाया किया जाएगा तो पांच फीसदी की छूट मिलेगी। छह किस्तों में बकाया जमा करने की भी सुविधा मिलेगी, लेकिन इसमें कोई छूट नहीं मिलेगी।

शहीदों की स्मृति में बनाए जाएंगे स्मारक

नक्सल प्रकरणों की वापसी की प्रक्रिया होगी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को महानदी भवन नवा रायपुर अटलनगर में नक्सल प्रकरणों की वापसी, आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों तथा नक्सल हिंसा से प्रभावित जवानों एवं नागरिकों के परिवारों को दी जा रही सहायता की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नक्सल प्रकरणों में निरुद्ध एवं न्यायालयों में प्रक्रियाधीन लोगों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की जाए। गंभीर अपराध, जनहानि तथा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) से संबंधित मामलों को छोड़कर अन्य पात्र प्रकरणों की वापसी के लिए निर्धारित प्रक्रिया को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की वापसी की कार्रवाई नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाई जाए।

प्रकरण वापसी पर जिलेवार समीक्षा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैठक में सभी जिलों से प्राप्त प्रकरण वापसी संबंधी आवेदनों की जिलावार एवं प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने प्रकरण वापसी के लिए प्रस्तावित संपूर्ण प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसे जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित जिलों में जिला स्तरीय प्रकरण वापसी समितियों की बैठक अगले 15 दिनों के भीतर आयोजित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।



900 पुनर्वासितों की राज्य वापसी पर जताई खुशी

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अब तक लगभग 900 पुनर्वासितों के राज्य वापस लौटने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सभी पुनर्वासितों को मोबाइल फोन और प्रशिक्षण किट उपलब्ध कराने के साथ उनके आवश्यक पहचान पत्र एवं राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं के साथ हथियारों की मैपिंग के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

स्मारक बनाएं

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नक्सल घटनाओं में शहीद जवानों एवं जान गंवाने वाले आम नागरिकों की स्मृति में स्मारक निर्माण की योजना की समीक्षा की। उन्होंने स्मारकों के लिए तैयार किए गए मानक डिजाइन पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि इन स्मारकों को केवल स्मृति स्थल तक सीमित न रखकर जनोपयोगी स्वरूप भी दिया जाए।

अगले महीने तक करें ये काम

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नक्सल घटनाओं में शहीद हुए जवानों की स्मृति को स्थायी सम्मान देने के लिए सार्वजनिक स्थलों के नामकरण संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन, मार्ग, चौक-चौराहों, बाजार और स्कूल मैदान सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का नामकरण शहीदों के नाम पर करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई अगले महीने तक पूर्ण की जाए।

अब कहलाएंगे औषधि नियंत्रक अधिकारी

अन्य राज्यों में भी बदल रहा पदनाम

रायपुर। दवाओं की गुणवत्ता की जांच की जिम्मेदारी निभाने वाले औषधि निरीक्षक का पदनाम बदल गया है। उन्हें अब औषधि नियंत्रक प्राधिकारी के रूप में जाना जाएगा। औषधि निरीक्षकों का पदनाम अन्य राज्यों में भी बदला जा रहा है। इसका असर उन्हें प्राप्त होने वाले वेतन अथवा अन्य भत्तों पर नहीं होगा। राज्य शासन ने इस संबंध में दो दिन पहले आदेश जारी किया है। राजस्थान और यूपी में यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है और कई राज्य यह काम पूरा कर चुके हैं। जानकारों का कहना है कि औषधि निरीक्षकों का काम केवल दवा दुकान अथवा कंपनियों के निरीक्षण तक सीमित नहीं रह गया है। आज के समय में वे दवाओं के गुणवत्ता नियंत्रण, विनिर्माण लाइसेंस की जांच, कानूनी कार्रवाई और संपूर्ण बाजार में दवाओं के नियमन व नियंत्रण का काम संभालते हैं। इसलिए 'नियंत्रक' शब्द उनके वास्तविक काम को बेहतर तरीके से दर्शाता है।

कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं किए तो पंजीयन में होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी संभवतः 15 नवंबर से शुरू हो जाएगी। उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव के लिए राइस मिलर्स को दोबारा पंजीयन कराना होगा, लेकिन प्रदेश के कई जिलों में राइस मिलर्स बहुत धीमी गति से कस्टम मिलिंग का चावल जमा करा रहे हैं। इसके कारण वित्तीय वर्ष 2026-27 में धान के उठाव के लिए पंजीयन कराने में राइस मिलर्स को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा हुआ तो इसका असर धान खरीदी के दौरान उपार्जन केंद्रों से धान उठाव पर भी पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार, विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराने पुराने वर्ष में उठाए गए धान का लगभग 70 प्रतिशत चावल जमा होना चाहिए, लेकिन कई जिलों में बड़ी संख्या में मिलर्स 50 प्रतिशत चावल भी जमा नहीं कर पाए हैं।

रायपुर जिले की बात करें तो जिले में एग्रीमेंट के तहत पंजीकृत कुल 183 मिलरों द्वारा पिछले



वर्ष नागरिक आपूर्ति निगम के 398021.55 टन धान उठाव के विरुद्ध 267676.85 टन चावल जमा करना है, लेकिन सितंबर 2026 तक मात्र 151114.34 टन चावल ही जमा हो पाया। इस तरह महज आधा दर्जन मिलर्स ही शत-प्रतिशत चावल जमा करने में सफल रहे। वहीं 177 मिलर्स 1 लाख 16 हजार 562 टन चावल जमा नहीं कर पाए। इन मिलरों को नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद चावल जमा करने में तेजी भी आई है। 9 अक्टूबर तक की स्थिति में जिले में 65.30 प्रतिशत चावल जमा हो चुका है, यानी कुल 1 लाख 67 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल जमा हो चुका है, वहीं लगभग 95 से 98 मीट्रिक टन चावल जमा होना बाकी है।

गत वर्ष 70 प्रतिशत चावल जमा करने वाले मिलर्स का ही पोर्टल पर पंजीयन हो पा रहा था। पोर्टल के सॉफ्टवेयर में ऑटोमेटिक सिस्टम है, जो 70 प्रतिशत से कम चावल जमा करने वाले मिलर के आवेदन को रिजेक्ट कर देता है। हालांकि सूत्रों से पता चला है कि राइस मिलरों की मांग तथा उपार्जन केंद्रों से समय पर धान का उठाव हो सके, इसे ध्यान में रखते हुए बाद में पोर्टल में 70 प्रतिशत चावल की जगह 50 प्रतिशत तक जमा करने वाले मिलर्स का भी पंजीयन होने लगा था। यह स्थिति इस बार भी निर्मित होने की संभावना है।

धान उठाव पर पड़ेगा असर

मिलर्स का समय पर पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ तो इसका असर धान के उठाव पर भी पड़ सकता है, क्योंकि पंजीयन होने के बाद ही मिलर्स अनुबंध के अनुसार धान का उठाव कर सकते हैं। इसके लिए मिलर्स को गत वर्ष का चावल निर्धारित मात्रा में जमा करना होगा, ताकि उनका पंजीयन हो सके।

महंगाई-यूपीआई शुल्क पर हल्ला बोल कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

रायपुर। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में महंगाई और यूपीआई शुल्क को लेकर डूमरतराई थोक बाजार में प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने डूमरतराई में मजदूरों, ग्राहकों, छोटे व्यापारियों और थोक व्यापारियों से बात कर उनकी समस्या जानी। इसके पूर्व शहर कांग्रेस कमेटी ने रायपुर शहर के गोलबाजार, शास्त्री मार्केट, फल मार्केट, पंडरी कपड़ा मार्केट, महालक्ष्मी मार्केट में भी यह अभियान चलाया था कांग्रेस नेताओं ने बढ़े हुए गैस सिलेंडर के दामों के विरुद्ध सिलेंडर कंधे के लटकाकर एवं यूपीआई, चावल , दाल , तेल , शक्कर , प्याज सहित सभी राशन सामग्री के बढ़ते दामों के खिलाफ पोस्टर लेकर बाजार में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान वहां कार्यरत मजदूरों ने स्मार्ट मीटर, महंगी बिजली, गैस सिलेंडर सहित हर दैनिक उपयोग की चीजें महंगी होने की शिकायत की। ग्राहकों और फुटकर व्यापारियों ने शिकायत की है कि वे दोहरी मार का डर झेल रहे हैं। एक तरफ यूपीआई पर शुल्क लगने से महंगाई बढ़ेगी और दूसरी तरफ नकद ले कर घूमने से पुराने दौर की तरह चोरी, लूट और अन्य तरह के नुकसान का अंदेशा रहेगा। डूमरतराई थोक व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ भी शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बैठकर चर्चा की, जिसमें अध्यक्ष प्रेम पाहुजा, गोविंद माहेश्वरी, प्रसून धारीवाल, सुरेश जैन, विजय राठी आदि शामिल हुए।

आरपीएफ स्थापना दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में

रायपुर। आरपीएफ के 42वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। शुक्रवार को आरपीएफ जवानों ने परेड मार्च का अभ्यास किया। इस दौरान रेलमंत्री द्वारा दिए जाने वाले सम्मान समारोह का भी पूर्वाभ्यास किया गया। शनिवार को अंतिम रिहर्सल होगी। समारोह 12 अक्टूबर को सुबह 10 से 11.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। आयोजन में हिस्सा लेने के लिए देशभर से आरपीएफ जवान रायपुर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर पंडाल लगाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। परेड में कमांडो प्लाटून के साथ डॉग स्क्वॉड भी शामिल होंगे। समारोह के दौरान आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

बता दें कि रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव पहली बार रायपुर पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए आरपीएफ समारोह को खास बनाने के लिए विशेष तैयारियां कर रही है। दूसरी ओर रेलवे प्रशासन ने भी मंडल के स्टेशनों को चमकाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया है।

किशोरी की हत्या की कोशिश, सात साल कैद

रायपुर। किशोरी के अपहरण कर रेप तथा चिड़ीमार बंदूक से हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अनिता ध्रुव की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सात वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, कोर्ट ने किशोर गाईन को सजा सुनाई है। किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के पिता तथा उसके दो अन्य साथियों को भी आरोपी बनाया था। कोर्ट ने आरोपी के पिता तथा उसके दो अन्य साथियों को दोषमुक्त कर दिया है।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित सिस्टम निविदा क्रमांक 199529, निविदा सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2026-27, दि. 18.09.2026, कार्य का नाम राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना (द्वितीय चरण) के मुख्य नहर के कि.मी. 49.99 से कि.मी. 61.30 तक शेष मिट्टी कार्य एवं 14 नग पक्के कार्यों के शेष कार्य एवं 01 नग ड्रेनेज साइफन तथा 7 नग प्रत्यक्ष जलद्वार का निर्माण कार्य, जिसका जी नंबर 262703402/3 दिनांक 21/09/2026 है, को तकनीकी कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. द्वितीय चरण कार्य संभाग, रायपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी. 262703868/4

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नया रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002 दूरभाष 0771-2512500, ई-मेल ceo.pranvp@cg.gov.in

क्रमांक: 7295/6 (1)/भू-प्रभाग / 2026, नया रायपुर अटल नगर, दिनांक 9/10/2026

उद्घोषणा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित व्यक्तियों ने अपनी स्वामित्व की भूमि को नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण रायपुर के पक्ष में रनवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2017 (यथा संशोधित 2025) के तहत विक्रय करने हेतु आवेदन दिया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था/ निकाय आदि की कोई उजरदावा या आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

ग्राम-रीको, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर

क्र	आवेदक का नाम	खसरा	रकबा हे. में
1	सनद पिता किसुन वगैरह	90	3.500
		92	0.180
		545	0.040
		731	0.410
		777	0.370
		886	0.560
2	अश्वनीकुमार पिता कामताप्रसाद सुकतेल	581	0.770
		723	1.380
3	अशोककुमार मारकण्डे पिता मंगला राम वगैरह	570	0.430
4	भागवत पिता प्रेमलाल वगैरह	604	0.270
		614	0.240
		820	0.850
5	डेरहिन पति प्रेम ठेठवार	763	0.130
		765	0.130
6	डेरहिन पिता बोधन	618/1	0.170
		768	0.330
		826	1.410
		872	0.400
7	डेरहिन पिता बोधन	403	1.030
		842	0.820
8	श्रीनिवास पिता तिलकराम	879	0.820
9	रामसिंग पिता गोविंदराम	286	0.130
		290/5	0.130
		295/3	0.160
10	किशोर निषाद पिता उदल वगैरह	290/1	0.130
		290/2	0.130
		290/3	0.080
		295/1	0.160
11	परमेश्वर भवानी सिन्हा	77	0.440
		596	0.190
		819	0.260
		855	0.200
		859	0.560
		876	0.080
ग्राम-सेंध, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर			
12	प्रवीण कुमार पिता भागीरथी	343/1	0.120

प्रबंधक (भूमि)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

संवाद- 49378

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर-19 अटल नगर, नवा रायपुर दूरभाष 0771-2512341, ई-मेल dghomeguard.cg@gmail.com

क्रमांक/687/फायर सर्विस/2026 अटल नगर नवा रायपुर, दिनांक 08/10/2026

सूचना

अभिरुचि की अभिव्यक्ति अन्तर्गत तृतीय पक्ष अंकेक्षक के रुप में कार्य करने व्यक्तियों/ फर्म/ संस्थाओं को पैनल में शामिल करने के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना बाबत।

छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा नियम, 2021 में अधिसूचना क्रमांक एफ 13-33/दो-गृह/न.से./2019 दिनाँक 24.11.2025 द्वारा किये गये संशोधन के अनुरुप अग्नि सुरक्षा अंकेक्षण, अग्नि निवारण एवं जीवन सुरक्षा उपायों का निरीक्षण, भवन / परिसर में स्थापित अग्नि सुरक्षा की जाँच, अंकेक्षण प्रमाण-पत्र/विस्तृत अग्निशमन सुरक्षा अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने, कमियों/अनुपालन संबंधी आवश्यक सुझाव देने हेतु तृतीय पक्ष अंकेक्षक हेतु पात्र व्यक्ति / व्यक्तियों का संगठन से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पैनल में शामिल करने के लिये पंजीयन पूरे वर्ष आगामी सूचना तक खुला रहेगा। विस्तृत दिशानिर्देश पात्रता मानदंड, और आवेदन फॉर्म विभाग की वेबसाइट (https://firenoc.cg.gov.in) पर उपलब्ध हैं।
अधिक जानकारी के लिए निदेशक, अग्नि और आपातकालीन सेवा तथा एस.डी.आर.एफ मुख्यालय से संपर्क करें या अधिकारिक वेबसाइट देखें।

महानिदेशक
नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा SDRF मुख्यालय सेक्टर-19
नवा रायपुर छत्तीसगढ

जी. 262703884/1

आम सूचना

मेसर्स हैवी टांसपोर्ट, प्रोपराईटर-श्री दलवीर सिंह, पिता स्व. श्री स्वर्ण सिंग, निवासी-प्लाट नं.-48, हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा फेस-1, जिला-रायपुर (छ.ग.) में शॉप नं. 10, रकबा 180 वर्गफीट (0.004 एकड़) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 21/09/2007 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक सीएसआईडीसी / एएलटी/07/8191, रायपुर दिनांक 07/09/2007 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है।

पत्र क्रमांक सीएसआईडीसी / भू.आ./2025/3577 दिनांक 15/07/2025 के द्वारा "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित) में प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को 01 माह के भीतर हटाकर निरस्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

अतः "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित) प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि-निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुये भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति / कार्यालय/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा ।

(ए.एच. यजदानी)
मुख्य महाप्रबंधक (भू-आबंटन)
सी.एस.आई.डी.सी

संवाद- 49377

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Gem Portel Tender Notice
Main Portal: http://Gem Portel (Govt. e-market place)
(2nd Call)

NIT NO: 44 /RMC/ZONE 08/2026 RAIPUR DATED 08.10.2026

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	GEM/2026/B/8133915	जोन क्रं.-08 अंतर्गत जोन कार्यालय, नगर निवेश, वाहन चालक एवं राजस्व विभाग में कुल-50 प्लेसमेंट कर्मचारी रखे जाने का कार्य।	1,12,14,024.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh-Procurement Portal http://Gem Portel (Govt. e-market place) 08.10.2026 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को दें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

कार्यालय जिला पंचायत, बस्तर जिला, जगदलपुर (छ.ग.)

विज्ञापन

क्रमांक /7218/ जिपं / स्था/ 2026 जगदलपुर, दिनांक 08 अक्टूबर 2026

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र कमांक / ESTB/27560/2026-P&RD नवा रायपुर दिनांक 05/08/2026 एवं कार्यालय आयुक्त, विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) विकास भवन नवा रायपुर के पत्र कमांक/I/566646/2026 वि-7/स्था. / VB-G RAM G नवा रायपुर दिनांक 06-08-2026 एवं पत्र कमांक/1/608889/2026 वि-7/स्था. / VB-G RAM G नवा रायपुर दिनांक 31-08-2026 में दिये गये निर्देशानुसार विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) में स्वीकृत पद के विरूद्ध जिला बस्तर, जगदलपुर के अधिनस्थ जिला / जनपद पंचायतों में रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से दिनांक 30 अक्टूबर, 2026 को 05.30 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। **बस्तर जिले के लिये विज्ञापित (संविदा) रिक्त पदों का विवरण:-**

क्र.	संविदा पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित					अन्य पिछड़ा वर्ग					अनुसूचित जाति					अनुसूचित जनजाति					महायोग				
			मुक्त	महि.	विक.	भू.सै.	योग	मुक्त	महि.	विक.	भू.सै.	योग	मुक्त	महि.	विक.	भू.सै.	योग	मुक्त	महि.	विक.	भू.सै.	योग	मुक्त	महि.	विक.	भू.सै.	योग
1	कार्यक्रम अधिकारी (संविदा)	2	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	1	1	-	1	-	2
2	सहायक प्रोगामर (संविदा)	4	1	-	-	-	1	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1	-	1	-	2	3	-	1	-	4
3	लेखापाल (संविदा)	10	1	1	-	-	2	1	1	-	-	2	-	-	-	-	-	3	1	1	1	6	5	3	1	1	10
	योग	16	3	1	-	-	4	2	1	-	-	3	-	-	-	-	-	4	1	3	1	9	9	3	3	1	16

टीप:- आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय पर जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल पर या www.bastar.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बस्तर

संवाद- 49384

प्रथम पृष्ठ का शेष

छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से ...

कर रही है, पर सभी जगह डिमांड होने से आपूर्ति प्रभावित है। अभी कम से कम 10 दिनों तक ऐसी ही स्थिति रहने वाली है। कृषि पंपों को नियमित बिजली देने के कारण उद्योगों की बिजली कट की जा रही है।

पूरे देश में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। देश में बिजली की डिमांड बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण उसके दाम भी आसमान पर चले गए हैं। जिन राज्यों का अपना उत्पादन कम है, उनको संकट का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का अपना उत्पादन बहुत कम होता है। कंपनी के पॉवर प्लांटों की क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन 24 से 25 सौ मेगावाट तक ही होता है, वह भी उस स्थिति में जब सारे संयंत्र चलते हैं। इस समय यहां उत्पादन 22 सौ मेगावाट ही हो रहा है क्योंकि कोरबा वेस्ट बैंक के 210 मेगावाट के दो संयंत्र बंद हैं। इस समय पीकआवर में खपत 65 सौ मेगावाट तक जा रही है। सेंट्रल सेक्टर का शेयर साढ़े तीन हजार मेगावाट का है। ऐसे में रोज सात से आठ सौ मेगावाट बिजली कम पड़ रही है।

पुराने उद्योग परेशान, नए कैसे आएंगे

बिजली को लेकर जिस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, उससे पुराने उद्योग ही परेशान हैं तो ऐसे में नए उद्योग कैसे आएंगे।

अश्विनी गर्ग, अध्यक्ष, उरला एसोसिएशन

उद्योगों में बड़ी कटौती

बिजली की कमी से इस समय उद्योगों की बिजली कट की जा रही है। उद्योगपतियों के मुताबिक सितंबर में 23 दिनों तक 7 से 8 घंटों तक बिजली कटौती की गई। अब अक्टूबर में इसको 14 से 15 घंटे कर दिया गया है। रोज शाम को 5 बजे से सुबह 7 बजे तक बिजली बंद की जा रही है। इसके अलावा दिन में भी 4 से 5 घंटों तक बिजली बंद कर दी जाती है। ऐसे में उद्योग चलाने मुश्किल हो रहे हैं। इस समय त्योहार का समय है और इस समय ही स्टील की ज्यादा डिमांड रहती है। ऐसे में उद्योगों को बड़ा घाटा उठाना पड़ रहा है।

नस्लभेद के खिलाफ ...

उठाई और आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय न्याय व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई। नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा 9 अक्टूबर 2026 को की गई है। परंपरा के अनुसार पुरस्कार प्रदान करने का समारोह 10 दिसंबर को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित किया जाएगा। इस पुरस्कार के साथ 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर की राशि भी दी जाती है।

रवांडा नरसंहार के पीड़ितों को दिलाया न्याय

नवी पिल्लई के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रवांडा के नरसंहार से जुड़े मामलों की सुनवाई रहा। वर्ष 1994 में रवांडा में हुए नरसंहार के दौरान लाखों लोगों की जान गई। बड़ी संख्या में महिलाओं को यौन हिंसा का सामना करना पड़ा। इन अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण बनाया गया।

-संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकारों की आवाज

अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण में काम करने के बाद पिल्लई 2003 में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश चुनी गईं। वर्ष 2008 में उन्हें संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। उन्होंने अगस्त 2014 तक इस पद पर काम किया।

इक्वैलिटी नाउ की सह-संस्थापक में एक

नवी पिल्लई का योगदान केवल अदालतों तक सीमित नहीं रहा। वह महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था इक्वैलिटी नाउ की सह-संस्थापकों में शामिल थीं। उन्होंने लैंगिक समानता और भेदभाव के खिलाफ प्रयासों में भी योगदान दिया।

भारत से ऐसा है ...

गन्ने के खेतों में मजदूरी करने के लिए भारत से दक्षिण अफ्रीका ले जाया गया था। नवी पिल्लई के पिता नारायणसामी एक बस ड्राइवर के तौर पर काम करते थे और अपने परिवार का पेट पालने के लिए दूसरे काम (जैसे मछली पकड़ना) भी करते थे।

नवी पिल्लई का जन्म 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में हुआ था। उनका परिवार भारत के तमिल मूल का था।

ट्रेनें रद्द, मेट्रो बंद, बार्डर ...

स्टेशनों को बंद करने का अनुरोध भी किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो और ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती।

यह है मामला

सीजेपी और कुछ छात्र संगठनों ने 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का आह्वान किया है। प्रदर्शनकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि एसआईआर के दौरान अनियमितताएं हुई हैं। इस पूरे विवाद की पृष्ठभूमि में 25 सितंबर को प्रकाशित एक रिपोर्ट भी है, जिसमें दावा किया गया था कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार ऐसे फैसलों और आदेशों पर आपत्ति जताई थी, जो उनके मुताबिक उनकी जानकारी या सिफारिश के बिना जारी किए गए थे।

दिव्यांगों के आरक्षण में ...

टी-संवर्ग में 1,497 पद हैं। सहायक शिक्षक पद के लिए लिखित परीक्षा 11 अक्टूबर को और शिक्षक पद के लिए परीक्षा 25 अक्टूबर को आयोजित होनी थी। अब हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस कृष्णराम महापात्र की डिवीजन बेंच में हुई।

शिक्षक बनने के ...

के बाद राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब देने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश से शिक्षक और सहायक शिक्षक भर्ती की आगे की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है।

महादेव सट्टे की एक और...

को पत्र भी लिखा था। केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि नितिन मोटवानी और उसके सहयोगी सन्नी पृथवानी के पास महादेव एप और अन्ना रेड्डी सट्टा एप की दिल्ली ब्रांच का मालिकाना हक था, जिसे वे छत्तीसगढ़ और दिल्ली से ऑपरेट करा रहे थे। नितिन, महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के सीधे संपर्क में था और दुबई सिंडिकेट से निर्देश प्राप्त करता था। वह क्लब की आड़ में अवैध तरीके से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का एक बड़ा नेटवर्क संचालित कर रहा था। वह सट्टे से होने वाली कमाई का इस्तेमाल इस व्यवसाय को फैलाने में करता था।

नाटकीय अंदाज में पकड़ा

आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान नितिन के अपने घर में होने की पुलिस को जानकारी मिली थी। तब पुलिस उसे गिरफ्तार करने घर पहुंची। इसकी भनक मिलने के बाद वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरारी के दौरान वह गोवा में था। पुलिस को नितिन के गोवा से रायपुर आवाजाही करने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस उसकी जानबूझकर अनदेखी करने लगी। पुलिस की अनदेखी से आरोपी को बेफिक्र हो गया कि पुलिस अब उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। बताया जा रहा है, चार दिन पूर्व वह गोवा से लौटा था। घर आने की जानकारी मिलने के बाद क्राइम ब्रांच टीम के सदस्य अपनी निजी गाड़ियों में नितिन के घर पहुंचे और घर की चारों तरफ से घेराबंदी कर नितिन को गिरफ्तार कर लिया।

त्योहारी सीजन में दर्शक ...

कीमतें पहले से ही कम रखी गई हैं, इसलिए विद्यार्थियों के लिए अलग टिकट श्रेणी नहीं बनाई गई है।

प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर स्टैंड की दरें तय

पवेलियन के विभिन्न स्टैंड के लिए भी टिकट दरें निर्धारित की गई हैं। प्लैटिनम स्टैंड का सिंगल टिकट 3500, गोल्ड स्टैंड का 2500 और सिल्वर स्टैंड का टिकट 2000 रुपए में उपलब्ध होगा। वहीं बॉक्स के एक टिकट की कीमत 3500 रुपए रखी गई है। बॉक्स की 20 टिकटों का पैकेज 70 हजार रुपए में मिलेगा।

डिजिटल टिकट से मिलेगी स्टेडियम में एंट्री

इस बार दर्शकों की सुविधा के लिए डिजिटल टिकट की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन बुकिंग पूरी होने के बाद टिकटधारकों को क्यूआर कोड मिलेगा। स्टेडियम के प्रवेश द्वार पर इस कोड को स्कैन करने के बाद प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों को टिकट की फिजिकल कॉपी लेने के लिए अलग से किसी काउंटर पर जाने की जरूरत नहीं होगी।

भूजल संरक्षण का लगभग 70 से 80 प्रतिशत काम पूरा

रायपुर स्टेडियम में भूजल के उपयोग से जुड़े मामले में न्यायालय से राहत मिलने के बाद मैच आयोजन का रास्ता साफ हो गया है। प्रबंधन के अनुसार, न्यायालय ने मैच आयोजित करने की अनुमति देने के साथ पर्यावरण विभाग में 20 लाख रुपए जमा कराने का आदेश दिया है। प्रबंधन के मुताबिक, भूजल संरक्षण की दिशा में स्टेडियम में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया जा चुका है। इसके अलावा पानी के उपयोग की निगरानी के लिए संबंधित बोरवेल में फ्लो मीटर लगाने की व्यवस्था भी की गई है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि कितनी मात्रा में भूजल का उपयोग किया जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि भूजल संरक्षण से संबंधित लगभग 70 से 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

11 अक्टूबर को पहुंचेगी भारतीय टीम

सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम 11 अक्टूबर को रायपुर पहुंचेगी, जबकि जिम्बाब्वे की टीम 12 अक्टूबर को आएगी। दोनों टीमों के अभ्यास सत्र भी निर्धारित किए गए हैं। अभ्यास के लिए शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक का समय रखा गया है। इसके अलावा 13 अक्टूबर को दोनों टीमें अभ्यास करेंगी। टीम इंडिया में स्मृति मंधाना (कप्तान), शेफाली वर्मा (उपकप्तान), निकी प्रसाद, हरमनप्रीत कौर, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमालिनी (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिंतिमणि कलिता, मिन्नू मणि टीम में शामिल हैं, जो रायपुर आएंगी।

किसान अड़े...

चक्काजाम के कारण जिला मुख्यालय पहुंचने वाले मार्गों पर आवागमन बाधित है। वहीं, प्रशासन और किसान संघ के पदाधिकारियों के बीच मांगों को लेकर लगातार बातचीत जारी रहने के बावजूद कोई सहमति नहीं बन पाई है। आंदोलन का असर अब आम जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। स्कूलों में पढ़ाई से लेकर शासकीय कामकाज और बाजार में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति तक प्रभावित हो रही है।

